संक्षिप्त समाचार.....

एसीएस अभय कुमार 'विकसित भारत - जन सेवा अभियान' के राज्य समन्वयक नियुक्त

जयपुर। प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे 'विकसित भारत - जन सेवा अभियान' के राज्य में प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध संचालन, निगरानी तथा विभिन्न विभागों और जिलों से समन्वय व मार्गदर्शन के लिए जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अभय कुमार को राज्य समन्वयक नियुक्त किया गया है। आयोजना विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने बताया कि राज्य स्तर पर आयोजना विभाग को अभियान के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। राज्य में जनसेवा, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन की भावना को सुदृढ़ करने, विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी को व्यापक स्तर पर पहुँचाने तथा विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने में आमजन, किसानों, महिलाओं, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

श्रीगंगानगर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत सम्मिलित प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक श्री वीरेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया के प्रावधानों के अनुसार पात्र अभ्यर्थी कोचिंग किये जाने हेतु अपने आवेदन एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सीएम अनुप्रति कोचिंग आईकन पर क्लिक कर सीएम अनुप्रति कोचिंग स्कीम का चयन कर ड्रापडाउन में से स्टूडेंट के विकल्प पर जाकर 7 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाईन भर सकते हैं।

आरसीए चुनाव की फाइनल वोटर लिस्ट जारी, तीन नए जिले भी हुए शामिल

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी की ओर से फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। के चुनाव 29 सितंबर 2026 को होने हैं, जिसके बाद अब सभी की निगाहें चुनावी प्रक्रिया और पैनल पर टिकी हुई हैं। फाइनल वोटर लिस्ट में कुल 38 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। क्रिकेटर गगन खोड़ा और पंकज सिंह का नामः आरसीए प्रशासक भास्कर ए। सावंत ने कहा कि इस वोटर लिस्ट में प्रदेश के 36 जिला क्रिकेट संघों के सचिव शामिल किया गया हैं, जिनमें बालोतरा, डीडवाना-कुचामन और खैरताल-तिजारा के रूप में तीन नए जिलों को भी जोड़ा गया है। इसके अलावा, दो पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को भी मतदान का अधिकार दिया गया है। साथ ही जिला संघ के उन पदाधिकारियों की सूची भी जारी की गई है जो चुनाव लड़ सकते हैं। आरसीए प्रशासक भास्कर ए। सावंत ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और तय समय पर ही चुनाव संपन्न होंगे।

पेट्रोल पंप पर युवक को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

जयपुरः जिले के नरैना थाना इलाके के पिंगुन गांव में रुपए के लेनदेन के विवाद में एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार युवक को पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया। इस घटना का वीडियो पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। बाइक सवार युवक की शिकायत पर पुलिस ने नरैना थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, आरोपी ट्रैक्टर चालक को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ जारी है। प्रारंभिक तौर पर यह पूरा मामला रुपए के लेनदेन के विवाद से जुड़ा होने की जानकारी सामने आई है। बाइक सवार और ट्रैक्टर चालक एक ही गांव के रहने वाले हैं। 20 सितंबर की है घटना, अब सीसीटीवी आया सामनेः नरैना थानाधिकारी उमराव सिंह ने बताया कि यह घटना 20 सितंबर की है। पिंगुन गांव के रहने वाले सुरेश गुर्जर पर उसी के गांव के रहने वाले शैतान गुर्जर ने ट्रैक्टर चढ़ाकर कुचलने का प्रयास किया। जैसे ही उसने बाइक सवार युवक को देखा, अपना ट्रैक्टर घुमाया और बाइक के पास खड़े युवक को कुचलने की कोशिश की। युवक ने भागकर अपनी जान बचाई।

बिल पास करने के एवज में एईएन 25000 और जेईन 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

अलवर। जिले की पंचायत समिति कठूमर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को ट्रैप कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। एसीबी ने सहायक अभियंता शिवराम को 25 हजार रुपए और कनिष्ठ अभियंता मिन्ना खान को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी भिवाड़ी को शिकायत मिली थी कि मैसर्स पोसवाल कम्पनी ने ग्राम पंचायत ईटोला में एफएसएसी योजना के तहत टेंडर के माध्यम से राजीव गांधी सेवा केंद्र में मरम्मत कार्य कराया था। बिल पास कराने के नाम पर दोनों अधिकारियों द्वारा परिवादी से अलग-अलग रकम की मांग की जा रही थी।

अलवर नगर निगम- उप महापौर भी भाजपा का, अजय पूनिया ने कांग्रेस प्रत्याशी को 16 मतों से हराया

अलवर/एजेंसी नगर निगम अलवर में मंगलवार को उप महापौर पद पर भी भाजपा कब्जा करने में कामयाब हुई। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद और प्रत्याशी अजय पूनिया ने 16 मतों के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी ममता सैनी को हराया। उप महापौर पद के चुनाव में भाजपा के पूनिया को 40 और कांग्रेस की ममता सैनी को 24 वोट मिले। एक वोट निरस्त हो गया। जबकि एक दिन पहले महापौर के चुनाव में भाजपा की सुमनलता अग्रवाल को 42 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की कमलेश शर्मा को 23 वोट मिले थे।

मंगलवार को उप महापौर के लिए भाजपा ने वरिष्ठ पार्षद एवं इस बार अलवर में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज कराने वाले अजय पूनिया को अपना प्रत्याशी घोषित किया। वहीं कांग्रेस ने ममता सैनी को चुनाव मैदान में उतारा। दोनों ही प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान उनके दलों के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। दोपहर 2।30 से शाम 5 बजे तक मतदान कराया गया। मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी अजय पूनिया को विजेता घोषित किया गया। इस जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने 'भर्तृहरि बाबा की जय', 'भाजपा जिंदाबांद' का जयघोष किया। चुनाव परिणाम घोषणा के बाद प्रदेश के वन मंत्री संजय शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, महापौर सुमनलता अग्रवाल समेत अनेक नेता व कार्यकर्ता निगम कार्यालय पहुंचे और नव निर्वाचित उप महापौर अजय पूनिया को माला पहनाकर बधाई दी।

कांग्रेस की ममता को 24 पार्षदों का समर्थनः अलवर नगर निगम के 65 वार्डों में भाजपा के 28, कांग्रेस के 23, निर्दलीय 13 एवं बसपा के एक पार्षद चुने गए थे। नगर निगम में कांग्रेस के पास बहुमत नहीं होने और गत सोमवार को महापौर चुनाव में मात्र 23 वोट ही पाने के बाद भी कांग्रेस ने उम्मीद नहीं छोड़ी और ममता सैनी को उप महापौर चुनाव का प्रत्याशी घोषित कर भाजपा की निर्विरोध उप महापौर निर्वाचन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हालांकि कांग्रेस उप महापौर चुनाव में ज्यादा उलटफेर कर पाने में तो सफल नहीं हो सकी, लेकिन अपने पक्ष में 23 से बढ़कर 24 पार्षदों का समर्थन लेने में कामयाब हो गई।

महापौर के साथ मिलकर अलवर को स्वच्छ बनाएंगे-पूनियाः नव निर्वाचित उप महापौर अजय पूनिया ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कहा कि अलवर नगर निगम में भाजपा का बोर्ड बना है। अब महापौर के साथ लक्ष्मण की तरह मिलकर अलवर को स्वच्छ बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पूर्व में पार्षद रह चुके हैं। इसलिए उन्हें अलवर की समस्याओं की जानकारी है। इन समस्याओं के निदान करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएगा। वहीं प्रदेश के वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा ने युवा कार्यकर्ताओं को उप महापौर पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि अलवर नगर निगम में भाजपा का बोर्ड बना है, अब अलवर के सभी 65 वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे।

भीलवाड़ा में निर्विरोध डिप्टी मेयर चुने गए भाजपा के सोमाणी मेयर पद पर जसवंत कंवर का हुआ था निर्विरोध निर्वाचन

जयपुर/एजेंसी। राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक श्री विनय पाटनी ने कहा है कि केन्द्र व राज्य सरकार का फोकस एलपीजी कनेक्शनों को डीपीएनजी कनेक्शनों में शिफ्ट करना है इसके लिए आरएसजीएल सहित सीजीडी संस्थाओं द्वारा आधारभूत संरचना के तेजी से विस्तार और विस्तारित क्षेत्र में प्राथमिकता से डीपीएनजी सहित औद्योगिक व व्यावसायिक कनेक्शन जारी करने के समन्वित प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने आमनागरिकों से डीपीएनजी सुविधा से जुड़ने का आग्रह किया। एमडी श्री विनय पाटनी ने आरएसजीएल के 14 वें स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि हरित और स्वच्छ उर्जा के साथ ही डीपीएनजी सुरक्षित, सहज उपलब्ध और 24 गुणा 7 सेवा सुविधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सीजीडी संस्थाओं द्वारा करीब 2 लाख परिवारों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ा जा चुका है। आरएसजीएल द्वारा गत तीन माह में ही करीब 4500 नए परिवारों को

डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ा है। 66 व्यावसायिक कनेक्शन जारी किये हैं। आरएसजीएल के उप महाप्रबंधक सीपी चौधरी, विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने के साथ ही हॉस्टल्स, होटल्स, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ने के लिए प्राथमिकता से संरचना विकसित की जा रही हैऔर उपलब्ध संरचना क्षेत्र में कनेक्शन जारी किये जा रहे हैं। आरएसजीएल के मुख्य वित अधिकारी श्री दीप्तांशु पारीक और उपप्रबंधक आईटी श्री गगनदीप राजोरिया, सीएस विनिता सोनी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र शर्मा स अधिकारी व कार्मिकों ने भी वर्चुअली हिस्सा लिया।

विशेष स्वास्थ्य सेवा अभियान बना जनसेवा का प्रभावी मंच

माधेपुर। पंचायत समिति सवाई माधोपुर में आयोजित विशिष्ट स्वास्थ्य सेवा अभियान के विशेष शिविर ने ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराकर त्वरित समाधान की सुविधा प्रदान की। पंचायत समिति सवाई माधोपुर में आयोजित शिविर में दोदरी, करमोदा, सूरवाल, छारोदा, मैनपुरा, गोगोर, दोबड़ा कला, मखौली एवं सेलू सहित 9 ग्राम पंचायतों के करीब 2 हजार 500 लाभार्थियों ने भाग लिया।

शिविर में मोहम्मद अली पुत्र अयूब, निवासी सूरवाल के भूमि संबंधी नाम दुरुस्तीकरण की कार्यवाही मौके पर की गई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 28 लाभार्थियों को द्वितीय एवं 34 लाभार्थियों को तृतीय किश्त जारी की गई। ग्रामीणों को 10 आवासीय पट्टे वितरित किए गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 43 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत करने के

साथ सामुदायिक शौचालय को क्रियाशील करने की कार्यवाही की गई तथा स्वच्छता के लिए 22 मैजिक पिट/शोकपिट स्वीकृत किए गए।

शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों के पट्टों का वितरण करने के साथ आमजन की समस्याओं एवं विभागीय प्रकरणों को मौके पर सुना गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए अनेक प्रकरणों का समाधान किया गया। इससे ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं और योजनाओं का लाभ मिल सका।

झालावाड़ जिले के भाजपा से पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा को राहत, मिली 15 दिन की पैरोल

झालावाड़। जिले के भाजपा नेता व पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। सरकारी अधिकारी पर रिवॉल्वर तानने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के करीब दो दशक पुराने मामले में तीन साल की सजा काट रहे कंवरलाल मीणा को 15 दिन की पैरोल मिली है। जिला कारागृह प्रशासन के अनुसार निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद उन्हें वापस जेल में उपस्थित होना होगा।

मामले में जानकारी देते हुए जिला कारागृह के डीएसपी रोहित कौशिक ने बताया कि जेल में बंद पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा को 15 दिन की पैरोल पर छोड़ा गया है। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के द्वारा भाजपा नेता को 15 दिनों की पैरोल पर छोड़ने के आदेश जारी किए थे। दस्तावेज मिलने के बाद उन्हें जेल से छोड़ा गया है। वह यहां लोक सेवक पर

जानलेवा हमले के मामले में करीब एक साल से सजा काट रहे हैं। फरवरी 2005 में उन पर आरोप लगे थे कि अकलेरा कस्बे के खाताखेड़ी में उपसरपंच के उपचुनाव को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान कंवरलाल मीणा ने तत्कालीन अकलेरा एसडीओ रामनिवास मेहता पर रिवॉल्वर तान दी थी।

एचपीवी और एमआर टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के निर्देश

टीकाकरण पीछे रहे जिलें 30 सितम्बर तक कम से कम 80 प्रतिशत टीकाकरण करे

जयपुर। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम ने प्रदेश में बच्चों और बालिकाओं के टीकाकरण की समीक्षा करते हुए सभी जिलों में अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में टीकाकरण की प्रगति कम है, वहां विशेष ध्यान देकर पात्र बच्चों और बालिकाओं का टीकाकरण कराया जाए। डॉ. जोगाराम ने कहा कि 30 सितम्बर तक कम से कम 80 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा किया जाए। जिन जिलों में यह लक्ष्य पूरा नहीं होगा, वहां संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 31 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से छूटी हुई पात्र बालिकाओं की पहचान कर उनका रिकॉर्ड

पीसीटीएस और यू-विन पोर्टल पर दर्ज किया जाए। जीएवीआई द्वारा चुने गए जिलों में अगले तीन दिन में तथा अन्य जिलों में अगले सात दिन में छूटी हुई पात्र बालिकाओं की एंट्री पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि केवल टीका लगाना ही नहीं, बल्कि उसकी ऑनलाइन एंट्री भी समय पर होना जरूरी है, ताकि हर लाभार्थी का सही रिकॉर्ड उपलब्ध रहे। मिशन निदेशक ने सभी जिलों में एचपीवी और एमआर टीकाकरण की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही एमआर-1 और एमआर-2 टीकाकरण के बीच के अंतर को कम करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया है। यह अंतर 5 प्रतिशत से कम करने का लक्ष्य रखा गया है।

ईडब्ल्यूएस नियमों में सुधार की मांग- ग्रामीण लोग पंचायती राज चुनाव में इलाज करने के लिए तैयार बैठे हैंः रविंद्र सिंह भाटी

जयपुर/एजेंसी। शिव विधानसभा से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण व्यवस्था में व्यावहारिक सुधार और समान अवसर सुनिश्चित करवाने की सरकार से मांग की है।

इस संबंध में विधायक रविंद्र सिंह भाटी जयपुर के पिंक सिटी प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि ईडब्ल्यू एस के मौजूदा केंद्रीय मापदंडों के कारण जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। राजस्थान सरकार ने ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र से जुड़ी कुछ समस्याओं का सरलीकरण किया है, लेकिन केंद्र स्तर पर कई समस्याएं और जटिलताएं अभी भी बनी हुई हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मिले फायदाः रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि ईडब्ल्यूएस की शर्तों में प्रदेश सरकार ने छूट दी है, लेकिन केंद्र

सरकार ने अभी तक किसी प्रकार की छूट नहीं दी है, जिसकी वजह से अनारक्षित वर्ग में आने वाले ग्रामीण परिवेश के युवाओं को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। वे बोले कि जब डबल इंजन की सरकार है, तो प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार से बात करनी चाहिए, जो छूट राज्य की पूर्ववर्ती सरकार ने दी थी, वही छूट केंद्र सरकार भी दे, जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले युवाओं को ईडब्ल्यूएस सरलीकरण का फायदा मिल सके।

डबल इंजन' सरकार पर निशानाः भाटी ने कहा कि जरूरतमंदों को सरकार की सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हम चाहते हैं कि जो सुविधाएं सरकार ने दी हैं, उनका पूरा फायदा मिले। प्रदेश और केंद्र की सरकारें इस विषय पर चर्चा करने को भी तैयार नहीं हैं। तो फिर ऐसी डबल इंजन की सरकार का क्या मतलब है? ग्रामीण परिवेश के लोग इसका जवाब देने के लिए पंचायती राज चुनाव का इंतजार कर रहे हैं और तैयार बैठे हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे

बिजली–कोचिंग कार्य के लिए ई निविदा वर्ष 2026–27

NIT No-: 26/2026-27-Elect/Chg

1. कार्य का नाम स्थान अवधि : Corrective Repair Annual Maintenance Contract of Electrical appliances in Pantry of LHB and VB coaches of Primary Maintenance Train over JU Division for a period of 02 years. **2. कार्य की अनुमानित लागत** : Rs. 49,86,365.00/- **3. बयाना राशि जो कि जमा करानी है । :** Rs. 99700.00 **4. टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक** : 15.00 बजे, दिनांक **13.10.2026** तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्पचात् खोली जायेगी। **5. वेबसाईट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां से टेण्डर की पूर्ण जानकारी देखी जा सके। : http://www.ireps.in** कैववे सूचना पट्ट पर **NOTE :** The offer can only be accepted through E-Tendering on the website of **https://www.ireps.gov.in/**, Offer in any other form will not be accepted. The tenderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on IREPS portal/ Only registered tenderer/bidders can participate on e-Tendering. All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering. **1363-CQ/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

पत्र सं. 92-EL/TRD/JU/TEND/2026-27/ 07&08 दिनांकः– 21.09.2026

डी.आर.एम. / कर्षण वितरण, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : https://www.ireps.gov.in 2. ई–निविदा खोलने की तिथि व समय : 14.10.2026** को 15.00 बजे तक **3. ई–निविदा खोलने की तिथि व समय : 14.10.2026** को 15.00 बजे के बाद **निविदा संख्या** : 07-TRD-JU-ETENDER-26-27 **कार्य का नाम** : Implementation of reliability and target action plan items for TRD over RKB-MTD-FL, PPR-BARA, MTD-MEC, MKN-PBC, MTD-BKN & DNA-RTGH sections over JU Division. **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)** : Rs. 1,57,17,982.00 **निविदा संख्या** : 08-TRD-JU-ETENDER-26-27 **कार्य का नाम** : Implementation of reliability and target action plan items for TRD over RKB-JSM, THM-SANU, RKB-JU-LUNI-MJ, LUNI-SMR-BLDI, SMR-MBF section of JU Division. **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)** : Rs. 3,78,94,792.00 **विस्तृत जानकारी हेतु कृपया पर https://www.ireps.gov.in विजिट करें ।** **1369-CQ/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना (सर्वे एवं निर्माण)

क्रमांक : NWR-PGMS-DESIGN-1-2026-27, दिनांक: 18.09.2026

भारतसंघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, जवाहर सर्किल, जयपुर, निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित इलैक्ट्रॉनिक प्रपत्र पर ऑन–लाईन ऑपन ई–निविदा सिस्टम (टू पैकेट) आमंत्रित करते हैं। **1. निविदा संख्या : NWR-PGMS-DESIGN-1-2026-27 2. कार्य का नाम एवं स्थान** : Request for Proposal (RFP) for providing Project General Management Services Design for CAO-CON North Western Railway. **3. निविदा का प्रकार** : ऑपन (टू पैकेट सिस्टम) **4. अनुमानित लागत : ₹36,53,13,472.00** (छत्तीस करोड़ तिरपन लाख तेरह हज़ार चार सौ बहत्तर रुपये और शून्य पैसे मात्र) **5. बिड सिक्योरिटी / धरोहर राशि : ₹73,06,300.00** (तिहत्तर लाख छह हज़ार तीन सौ रुपये और शून्य पैसे मात्र) **6. कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 36 (छत्तीस) महीने **7. निविदा की अन्तिम दिनांक व समय** : दिनांकः **02.11.2026** को 15:00 बजे **8. वैबसाईट का विवरण : www.ireps.gov.in नोटः कोई भी व्यक्तिगत (मैनुअल) टैण्डर स्वीकार नहीं किया जाऐगा।** **1366-CQ/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
सीआईएनः **U64990HR2016PTC057984**
पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 2009–14, 20वाँ तल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फकोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर 58, गुरुग्राम (हरियाणा)– 122011

अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ द्वितीय आगामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु द्वितीय आगामी बिक्री सूचना के लिए ई–नीलामी।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं)/सह–उधारकर्ताओं/गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा 17–03–2026 को मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (प्रतिभूत ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। प्रतिभूत/बंधक परिसंपत्तियों की बिक्री ई–नीलामी के माध्यम से ''जहाँ है जैसी है'', ''जो कुछ भी है, जैसी है'' तथा '' वहां जो कुछ भी है'' आधार पर की जाएगी। सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई–नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरणः
आवासीय संपत्ति का संपूर्ण भाग तथा खंड, पट्टा संख्या 18, बही संख्या 8, तिथि– 02.12.2010, मापयोग्य क्षेत्रफल– 364 वर्ग फीट, ग्राम– कामेरी, ग्राम पंचायत– माड़, पंचायत समिति– देवगढ़, जिला–राजसमंद। **सीमाएँः– उत्तरः** आम रास्ता, **दक्षिणः** कैलाश / लच्छू भील का मकान, **पूर्वः** शिव जी सैन का प्लॉट, **पश्चिमः** मंगू जी का मकान।

उधारकर्ता /ओं एवं गारंटर / रों के नाम एवं पते	1. नीलामी की तिथि एवं समय 2. धराज जमा की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की धराज 3. बोली वृद्धि
1. देवी लाल सेन पुत्र शिव लाल सेन (उधारकर्ता), **2. कमला सेन पत्नी शिव लाल** (सह–उधारकर्ता), दोनों का निवास पताः– कामेरी, टीकर, उप–जिला देवगढ़, जिला–राजसमंद, राजस्थान–313332, लैनः LXBHL04122–230019904, ऋण अनुबंध तिथिः 13.10.2022, ऋण राशिः रु. 3,70,000/–, कुल बकाया राशिः रु. 7,38,747/– तिथि 16–मार्च–2026 के अनुसार+तिथि 17–मार्च–2026 से भावी ब्याज तथा अन्य प्रभार।	**1) नीलामी तिथिः 16.10.2026** को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे के मध्य, असीमित 5 मिनटों के विस्तार सहित **2)** केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि **13.10.2026** को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) तक है। **3)** निरीक्षण की तिथिः **10.10.2026** को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे (आईएसटी) के मध्य	**आरक्षित मूल्यः रु. 3,37,564/– धरोहर राशि जमाः रु. 33,757/– बोली वृद्धि रु. 10,000/– और** ऐसे गुणकों में।

नीलामी के नियम और शर्तें
ऑनलाइन ई–ऑक्शन बिक्री के लिए बोली से जुड़े दस्तावेज, घोषणा–पत्र और सामान्य नियम व शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदातागण सपोर्ट नंबर 7291981124, 25, 26 पर संपर्क कर सकते हैं या श्री भाविक पांड्या (8866682937) से बात कर सकते हैं। सपोर्ट ईमेल आईडीः **support@bankeauctions.com**(सर्विस प्रोवाइडर सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) या **auction@ummeedhfc.in**है। प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी प्रश्न के लिए उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से 18002026127 पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी की निर्धारित तिथि और समय पर या उससे पहले, उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, खाता सं. 50200021387303, आईएफएससी– HDFC0003906 के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/ एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी की राशि जमा करनी होगी।

दिनांकः 23–सितंबर–2026
स्थानः गुरुग्राम, हरियाणा
हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
टोल फ्री नं. 1800–2026–127 पर संपर्क करें
कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
सीआईएनः **U64990HR2016PTC057984**
पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 2009–14, 20वाँ तल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फकोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर 58, गुरुग्राम (हरियाणा)– 122011

अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ द्वितीय आगामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु द्वितीय आगामी बिक्री सूचना के लिए ई–नीलामी।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं)/सह–उधारकर्ताओं/गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा **24–07–2026** को मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (प्रतिभूत ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। प्रतिभूत/बंधक परिसंपत्तियों की बिक्री ई–नीलामी के माध्यम से ''जहाँ है जैसी है'', ''जो कुछ भी है, जैसी है'' तथा '' वहां जो कुछ भी है'' आधार पर की जाएगी। सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई–नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरणः
संपत्ति का संपूर्ण भाग तथा खंड, पट्टा संख्या 34, बही संख्या 519, तिथि 19.08.2021। मापयोग्य क्षेत्रफल– 787.5 वर्ग फीट, संकल्प संख्या 2(15), खसरा संख्या 77, ग्राम देवखेड़ा, ग्राम पंचायत कांति, पंचायत समिति कोटरी, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान में स्थित। **सीमाएँः– पूर्वः** नंदा पुत्र नारायण गुर्जर का नोहरा, **पश्चिमः** परमानंद पुत्र छगना सेन का नोहरा, **उत्तरः** स्वयं की भूमि, **दक्षिणः** आम रास्ता।

उधारकर्ता /ओं एवं गारंटर / रों के नाम एवं पते	1. नीलामी की तिथि एवं समय 2. धराज जमा की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की धराज 3. बोली वृद्धि
1. प्रभु लाल गुर्जर पुत्र लादू लाल गुर्जर (उधारकर्ता), **2. चंदू गुर्जर पत्नी प्रभु लाल गुर्जर** (सह–उधारकर्ता), उपरोक्त दोनों का निवास पताः देवतलाई, छापरेल, भीलवाड़ा, राजस्थान–311603 लैनः LXBHL04122–230022205 ऋण अनुबंध तिथिः 28.01.2023 ऋण राशिः रु. 3,20,000/– कुल बकाया राशिः रु. 4,80,451/– तिथि 20–जुलाई–2026 के अनुसार +तिथि 21–जुलाई–2026 से भावी ब्याज तथा अन्य प्रभार।	**1) नीलामी तिथिः 16.10.2026** को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे के मध्य, असीमित 5 मिनटों के विस्तार सहित **2)** केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि **13.10.2026** को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) तक है। **3) निरीक्षण की तिथिः 10.10.2026** को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे (आईएसटी) के मध्य	**आरक्षित मूल्यः रु. 3,44,250/– धरोहर राशि जमाः रु. 34,425/– बोली वृद्धि** रु. 10,000/– और ऐसे गुणकों में।

नीलामी के नियम और शर्तें
ऑनलाइन ई–ऑक्शन बिक्री के लिए बोली से जुड़े दस्तावेज, घोषणा–पत्र और सामान्य नियम व शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://www.bankeauctions.com**पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदातागण सपोर्ट नंबर 7291981124, 25, 26 पर संपर्क कर सकते हैं या श्री भाविक पांड्या (8866682937) से बात कर सकते हैं। सपोर्ट ईमेल आईडीः **support@bankeauctions.com**(सर्विस प्रोवाइडर सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) या **auction@ummeedhfc.in** है। प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी प्रश्न के लिए उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से 18002026127 पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी की निर्धारित तिथि और समय पर या उससे पहले, उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, खाता सं. 50200021387303, आईएफएससी– HDFC0003906 के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/ एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी की राशि जमा करनी होगी।

दिनांकः 23–सितंबर–2026
स्थानः गुरुग्राम, हरियाणा
हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
टोल फ्री नं. 1800–2026–127 पर संपर्क करें
कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
सीआईएनः **U64990HR2016PTC057984**
पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 2009–14, 20वाँ तल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फकोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर 58, गुरुग्राम (हरियाणा)– 122011

अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ द्वितीय आगामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के अंतर्गत वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु द्वितीय आगामी बिक्री सूचना के लिए ई–नीलामी।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं)/सह–उधारकर्ताओं/गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा 01–06–2026 को मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (प्रतिभूत ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। प्रतिभूत/बंधक परिसंपत्तियों की बिक्री ई–नीलामी के माध्यम से ''जहाँ है जैसी है'', ''जो कुछ भी है, जैसी है'' तथा '' वहां जो कुछ भी है'' आधार पर की जाएगी। सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई–नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरणः
संपत्ति का संपूर्ण भाग तथा खंड, जिसमें प्लॉट नं. 20 जिसका क्षेत्रफल 1090 वर्ग फीट है, प्लॉट नं. 21 जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट है एवं प्लॉट नं. 33 जिसका क्षेत्रफल 1230 वर्ग फीट है, अरजी खाता संख्या 68, खसरा संख्या 1191/1187 पर ग्राम रामपुरा ''श्री चारभुजा नगर'', पटवार मंडल लूलास, तहसील–शाहपुरा, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान में स्थित। सीमाएँः– पूर्वः 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः 40 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः प्लॉट नं. 22, 23, दक्षिणः सरकारी भूमि।

उधारकर्ता /ओं एवं गारंटर / रों के नाम एवं पते	1. नीलामी की तिथि एवं समय 2. धराज जमा की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की धराज 3. बोली वृद्धि
1. **प्रभु लाल खारोल पुत्र देवकरण खारोल** (उधारकर्ता), निवासीः पालसा, लूलास, भीलवाड़ा, राजस्थान–311404, **2. नाराणी देवी खारोल पत्नी प्रभु लाल खारोल** (सह–उधारकर्ता), निवासीः 6, राजपूत मोहल्ला, पालसा, लूलास, भीलवाड़ा, राजस्थान–311404, लैनः LXBHL01223–240028288, ऋण अनुबंध तिथिः 08.09.2023, ऋण राशिः रु. 12,50,000/–, कुल बकाया राशिः रु. 17,80,200/– तिथि 30–मई–2026 के अनुसार+तिथि 01–जून–2026 से भावी ब्याज तथा अन्य प्रभार।	**1) नीलामी तिथिः 16.10.2026** को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे के मध्य, असीमित 5 मिनटों के विस्तार सहित **2)** केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 13.10.2026 को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) तक है। **3) निरीक्षण की तिथिः** 10.10.2026 को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे (आईएसटी) के मध्य	**आरक्षित मूल्यः रु. 12,80,610/– धरोहर राशि जमाः रु. 1,28,061/– बोली वृद्धि** रु. 10,000/– और ऐसे गुणकों में।

नीलामी के नियम और शर्तें
ऑनलाइन ई–ऑक्शन बिक्री के लिए बोली से जुड़े दस्तावेज, घोषणा–पत्र और सामान्य नियम व शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदातागण सपोर्ट नंबर 7291981124, 25, 26 पर संपर्क कर सकते हैं या श्री भाविक पांड्या (8866682937) से बात कर सकते हैं। सपोर्ट ईमेल आईडीः **support@bankeauctions.com**(सर्विस प्रोवाइडर सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) या **auction@ummeedhfc.in** है। प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी प्रश्न के लिए उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से 18002026127 पर संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी की निर्धारित तिथि और समय पर या उससे पहले, उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, खाता सं. 50200021387303, आईएफएससी– HDFC0003906 के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/ एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी की राशि जमा करनी होगी।

दिनांकः 23–सितंबर–2026
स्थानः गुरुग्राम, हरियाणा
हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी,
टोल फ्री नं. 1800–2026–127 पर संपर्क करें
कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं.** 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)